ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट को सरकारी पटल पर मिलेगा नया मुकाम

- नगर निगम द्वारा बनाई जाने वाली मिनी डॉक्यूमेंट्री में शहर के विकास में वर्ल्ड स्ट्रीट को दिखाया जाएगा

March 2, फरीदाबाद। फरीदाबाद के चौतरफा विकास को सरकारी पटल पर लाने के लिए फरीदाबाद नगर निगम एक मिनी डॉक्यूमेंट्री बना रहा है। जिसमें शहर को दशकों से पहचान दिलाने वाले जगहों को केंद्रित किया है। इस सूचि में फरीदाबाद का नया लैंडमार्क और शहर के सबसे आकर्षित डेस्टिनेशन ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट को भी मिनी डाक्यूमेंट्री में शामिल किया गया है. जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है. वैश्विक कांसेप्ट पर बना वर्ल्ड स्ट्रीट यहां आने वाले लोगों को विदेश में घूमने जैसा महसूस करवाता हैं। इसके अलावा वर्ल्ड स्ट्रीट में फिल्मों, म्यूजिक वीडियो की शूटिंग भी हो रही है जिसकी वजह से बॉलीवुड की दुनिया में भी शहर को अलग पहचान मिल रही है।

नगर निगम के इन प्रयासों से वैश्विक और घरेलू निवेशक फरीदाबाद की ओर आकर्षित होंगे जिससे शहर में रोजगार के अवसर खुलेंगे और फरीदाबाद को नयी पहचान मिलेगी।

आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद द्वारा लिखे gaye एक आधिकारिक पत्र में कुछ और चुनिंदा जगहों जैसे ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन, सभी मेट्रो स्टेशन, बड़खल झील, बदरपुर को डॉक्यूमेंट्री में शामिल किया गया है।